Book Ad Any category of Classified and get
**Special Discount**
Times of India/ Hindustan Times/ Dainik Jagran / Amar Ujala/ Navbharat Times Hindustan Hindi
**Discount Code TBC10**
Contact:
**Kunika Advertising**
Plot no- 516. Sector-12, Friends Co-operative Society, Vasundhara, Ghaziabad
**Mo. 8130640000**

**Year-15 Issue- 20**
Ghaziabad, Sunday, 15 October- 2023

15 October to 21 October- 2023

**Page:** 8

**RNI.No:** UPBIL/2009/28691
**DAVP Code:** 101473
**Editor:** Dheeraj Kumar
**Mob.:** 9871895198

# TIRUPATI BALAJI CHRONICLE

Hindi/English {Bi-Lingual} Weekly Ghaziabad
डीएवीपी एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

www.tbcgzb.com

**Email: editor@tbam.co.in**

Page 3


Page 5


Page 8


## आरएचएएम ने कई रोटरी क्लबों के साथ किया कपड़ा वितरण शिविर का आयोजन

# रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 के पीडीजी अशोक अग्रवाल और डीजीएन डॉ. अमिता महेंद्रू की मौजूदगी में जरूरतमंदों को कपड़े और भोजन का वितरण

















**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** वसुंधरा सेक्टर-12 स्थित फ्रेंडस कॉलोनी में शनिवार को आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए विशाल कपड़ा वितरण शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन कई रोटरी क्लबों ने मिलकर किया। इनमें रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सैफ्रोन, रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली इस्ट एंड, रोटरी क्लब आफ विस्ता,

रोटरी क्लब ऑफ ग्रेस, रोटरी क्लब ऑफ अशोक, रोटरी क्लब ऑफ आस्था, रोटरी क्लब ऑफ नार्थ सेट्रल, रोटरी क्लब ऑफ सनरेज, रोटरी क्लब ऑफ रिदम, रोटरी क्लब ऑफ दनकौर शामिल थे।

शिविर को आयोजित करने में आरएचएएम यानि रहम फाउंडेशन, उत्सव फाउंडेशन और शहीद सुखदेव फाउंडेशन ने भी सहयोग किया।

मुख्य अतिथि रोटरी 3012 के पीडीजी अशोक अग्रवाल, डीजीएन डॉ. अमिता महेंद्रू और विशिष्ठ अतिथि सह मंडलाअध्यक्ष जोन-21 रो. नरेश ढींगरा ने लोगों को कपड़े बांटकर शिविर का शुभारंभ किया।

इस मौके पर परियोजना समन्वयक रो. समीर आनंद, सह मंडलाध्यक्ष जोन-22 रो. संजय मेहरा, और सह मंडलाध्यक्ष रो. अरुणा सिंघल भी उपस्थित थे। कपड़े एकत्र करने में गाजियाबाद भार्गव समाज समिति, वसुंधरा के सदस्यों ने सहयोग किया।

मुख्य अतिथि पीडीजी अशोक अग्रवाल ने कहा कि रोटरी क्लब का मुख्य ध्येय ही समाज के गरीब तबके की मदद करना है। यह मदद शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो गया जीवन के हर पहलु के लिए हो। कहा जाता है कि इंसान के लिए रोटी, कपड़ा और मकान सबसे ज्यादा जरूरत की चींजे हैं। रोटरी क्लब ने रोटी यानि खाना देने की मुहिम काफी पहले से शुरू कर दी है। अब कपड़े दिए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि रोटरी क्लबों के बीच सामन्जस्य बनाकर जिस तरह रहम फाउंडेशन ने गरीब और समाज के पिछड़े वर्ग के लिए कपड़े एकत्रित कर उन्हें लोगों के बीच बांटा, यह काबिले तारीफ है। आरएचएएम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि कहा कि फाउंडेशन की ओर से समाज के हित में कई कार्य किए जा रहे हैं। 1100 टीबी के मरीजों को गोद लिया गया है। 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने के संकल्प के साथ रहम फाउंडेशन और रोटरी क्लब जुड़ गए हैं।

उन्होंने कहा कि आरएचएएम फाउंडेशन ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कई अभियान शुरू किए हैं।

एक ओर जहां स्कूली बच्चों को पठन पाठन सामग्री दी जा रही है, वहीं, फाउंडेशन की ओर के समाज के गरीब तबकों की महिलाओं को निशुल्क सैनेटरी पैड्स भी दिए जा रहे हैं। समय-समय पर खाने के पैकेट्स और अन्य सामग्री भी दी जा रही है।

फाउंडेशन की ओर से हाल ही में वसुंधरा सेक्टर 12 और हिंडन स्थित कुष्ठ आश्रम में भोजन के पैकेट व दूसरे सामान दिए गए थे। इस मौके पर डॉ. अनिल महेंद्रू, अभिषेक जिंदल, संजय भार्गव, आंचल भार्गव, अतुल भार्गव, प्रेम माहेश्वरी, योगेश गर्ग, संदीप इंदौरा के अलावा रोटरी क्लब आफ गाजियाबाद सैफ्रोन की अध्यक्ष कोमल जैन रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर के अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव, रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली इस्ट एंड के अध्यक्ष यतिंदर कालरा , रोटरी क्लब आफ विस्ता की अध्यक्ष कनिका अग्रवाल, रोटरी क्लब ऑफ ग्रेस की अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल, रोटरी क्लब ऑफ अशोक की अध्यक्ष मीनू गर्ग, रोटरी क्लब ऑफ आस्था की अध्यक्ष कविता गर्ग, रोटरी क्लब ऑफ नार्थ सेट्रल की अध्यक्ष रेखा गर्ग, रोटरी क्लब ऑफ सनरेज की अध्यक्ष दीपिका मित्तल, रोटरी क्लब ऑफ रिदम की अध्यक्ष शानवी गोयल, रोटरी क्लब ऑफ दनकौर के अध्यक्ष आकाश गोयल शामिल थे।

शिविर को आयोजित करने में आरएचएएम यानि रहम फाउंडेशन के सचिव दयानंद शर्मा और कोषाध्यक्ष मनीषा भार्गव ने आभार व्यक्त किया।

# Editorial

## Stand on Israel-Hamas war

India's Ministry of External Affairs (MEA) has belatedly reiterated India's position in favour of the two-state solution to the Israel-Palestine conflict. Having kept quiet for four long days, Indian diplomacy seemingly rose from slumber to say, "Our policy in this regard has been long-standing and consistent. India has always advocated the resumption of direct negotiations towards establishing a sovereign, independent, and viable State of Palestine living within secure and recognised borders, side by side at peace with Israel."

The clarification of the Indian position on the war perhaps was prompted by two factors — unease among West Asian Muslim countries, some of them newfound allies of the Narendra Modi government, and the possibility of the anger in the domestic Muslim population boiling over. It is nonetheless a much-needed damage control exercise.

This came after Modi's tweet expressing unequivocal support for Israel in its war effort and its amplification on social media by those Indians who idolise Israel.

The ruling Bharatiya Janata Party (BJP) has, for example, attacked the statement of the Congress Working Committee on the Israel-Hamas conflict for being soft on terrorism.

The CWC statement says, "…The CWC reiterates its longstanding support for the rights of the Palestinian people to land, self-government and to live with dignity and respect. The CWC calls for an immediate cease-fire and for negotiations to begin on all outstanding issues including the imperative issues that have given rise to the present conflict. "Predictably this has led to accusations that the Congress is pandering to 'vote bank politics'.

Assam Chief Minister Himanta Biswa Sarma tweeted, "Congress's resolution has striking similarities with statements of Pakistan & Taliban. All 3 do not condemn Hamas, do not deplore terror attacks on Israel, and are silent on hostages - women & children.

Dr. Dheeraj Kumar Bhargava

# UP ranks 10th nationally for 2nd time in sex ratio



Lucknow: Uttar Pradesh has demonstrated its commitment to fostering gender equality by consistently securing the 10th position in the nation for the second consecutive census cycle.

Uttar Pradesh's journey towards gender parity may not be characterised as 'remarkable,' yet it is undeniably noteworthy. As per a 2021 Press Information Bureau report, three districts -- Jaunpur, Azamgarh, and Deoria --have reported a surplus of women over men, reflecting a significant shift towards gender equilibrium. Among them, Jaunpur stands out with 1,024 women for every 1,000 men, a testament to grassroots efforts in promoting gender inclusivity.

Over the past two Census cycles, U.P. has progressively improved its sex ratio from 898 to 912 females per 1000 males. In this context, U.P. outperforms states like Punjab, Sikkim, and Jammu & Kashmir, and closely trails Bihar and Gujarat, underlining its commendable progress.

Uttar Pradesh's overall child sex ratio currently stands at 918 girls for every 1,000 boys, signalling a steady and upward trajectory in addressing gender disparities. This encouraging trend aligns with the state's comprehensive initiatives aimed at empowering women and promoting gender equity.

Puneet Mishra, deputy director of the Women and Child Development department, attributes this positive shift to a portfolio of empowerment programs.

These encompass prenatal care, awareness campaigns in girls' schools, and nutrition schemes, among others.

While the state's ranking may appear stagnant, Mishra remains sanguine, stating, "Health and education are not overnight transformations, but we are confident that the next Census will reveal further advancements in Uttar Pradesh's sex ratio."

Beyond the improved sex ratio, U.P. has achieved significant milestones in related indicators, including education, child marriages, and nutrition.

The implementation of schemes such as "Beti Bachao Beti Padhao" has contributed to a decline in crimes against women and child marriages, while concurrently bolstering girls' school enrollments.

A member of the state commission for the protection of child rights acknowledges the role of augmented safety and confidence in nurturing these positive changes.

They assert, "Safety and confidence play a pivotal role in an individual's survival skills. As awareness and protective measures intensify, the sex ratio will continue to ascend, heralding a brighter future for girls and women in Uttar Pradesh."

# Zee Media and Rotary International join forces for Global Mindcare Conclave

**TBC News**


In commemoration of World Mental Health Day, Zee Media Corporation has partnered with Rotary International (District 3012, Rotary Club of Delhi North), the Cosmos Institute of Mental Health & Behavioral Sciences (CIMBS), New Delhi, and the World Federation for Mental Health (WFMH) to host the inaugural Global Mindcare Conclave on 10th October 2023. The event resonated as a pivotal global advocacy for mental health rights while also focusing on addressing India's pressing mental health challenges.

The Global Mindcare conclave was inaugurated by former Chief Justice of India Shri UU Lalit, along with Shri Abhay Ojha, CEO Zee Media, Dr. Lalit Khanna Immediate Past District Governor, Rotary, and Dr. Sunil Mittal, Vice President of WFMH, addressed the theme of this year's World Mental Health Day, 'Mental Health is a Universal Human Right'. This conclave was a platform for different mental health stakeholders, including healthcare professionals, non-governmental organizations (NGOs), caregivers, and people with experience with mental health disorders, to have in-depth discussions about overcoming barriers, forming partnerships within the mental health sector, and exploring advancements in mental healthcare.

Mental health statistics: Dr. Sunil Mittal underscored the gravity of the situation, stating that nearly 1 Billion individuals worldwide grapple with mental disorders, with 20 crore individuals residing in India. Notably, the National Mental Health Survey (2015-2016) unveiled that one in every sixth Indian requires mental health support, demanding immediate innovative interventions.

Wide range of mental health topics: The conclave hosted eight informative sessions, encompassing a wide spectrum of mental health topics. These sessions included a global and Indian perspective on mental health rights, discussions on mental health law and policy, and an exploration of advancements in mental healthcare.

# Govt. weighs giving small farmers more cash support before polls



New Delhi: The government is weighing options to raise the annual direct cash transfer to small farmers to 8,000 rupees ($96) from 6,000 rupees, according to two officials familiar with the discussions, who asked not to be identified as the matter is still under consideration.

The government is considering a plan to boost cash support to small farmers by a third, allowing Prime Minister Narendra Modi's ruling party to shore up support from a key voting bloc ahead of elections.

If approved, the plan would cost the government an extra 200 billion rupees, according to the people, on top of the 600 billion rupees budgeted for the program in the current fiscal year through March 2024.

Nanu Bhasin, a spokesperson for the Finance Ministry, declined to comment on the matter.

With some 65% of India's 1.4 billion people living in rural areas, farmers are a crucial voting bloc for Modi, who is seeking a rare third term in office in the upcoming election. Though he remains a popular leader, with 55% of voters viewing him as favorable, issues around rising inequality and joblessness may pose a challenge to him at the polls.

The global economy is resilient but limping The global economy is resilient but limping

The government is trying to bolster farmers' income after its inflation-control measures, such as a ban on some rice exports, curbed rural incomes. India has also recorded its weakest monsoon rains in five years, threatening this year's harvests of key crops.

Since the subsidy program kicked off in December 2018, Modi's government has doled out 2.42 trillion rupees in total to 110 million beneficiaries.

Officials are now discussing relaxing rules to include more farmers under the direct cash transfer program, the people said. A final decision on these proposals have yet to be taken, they said.

The government is also taking other measures to support poorer households, such as extending a free grains program into next year and considering subsidized loans for small urban housing. Last week, the cabinet approved an increase in subsidies on liquefied petroleum gas, used for cooking.

# अब पिंक टॉयलेट में मिलेगी सैनेटरी पैड और फिडिंग के लिए रूम की सुविधा



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** शहर के पिंक टॉयलेट में अब सैनेटरी पैड और फिडिंग के लिए रूम की सुविधा मिलेगी। महापौर ने ऐसे ही एक पिंक टॉयलेट एवं ब्लू टॉयलेट का लोकार्पण किया। इसमें महिलाओं को सैनेटरी पैड एवं फीडिंग रूम की सुविधा है। दिव्यांगो के लिए भी शौचालय की व्यवस्था है। वार्ड 22 लालकुआं आईएमएस कॉलेज के पास नगर निगम द्वारा निर्मित पिंक टॉयलेट एवं ब्लू टॉयलेट का महापौर सुनीता दयाल ने लोकार्पण किया गया। इस टॉयलेट में 5 शीट महिलाओं, 5 शीट पुरुष, 1 शीट दिव्यांग, बच्चों के लिए शीट, एक रूम फीडिंग के लिए और ऊपर एक रूम स्टाफ हेतु बनाया गया है। इसकी लागत लगभग 19 लाख है। दोनों शौचालय को बहुत सुंदर बनाया गया है। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि लालकुआं पर शहर में आने जाने वाले लोगो का स्टॉप है परन्तु शौचालय न होने की स्थिति में बहुत परेशान का सामना करना पड़ रहा था। महिलाओं के लिए अलग से सैनेटरी पैड एवं महिलाओं द्वारा फीडिंग की जगह की भी व्यवस्था है जिससे यात्रियों को अत्यधिक सुविधा मिलेगी। साथ ही दिव्यांगजनो के लिए 1 शीट की व्यवस्था की गई है। शौचालय को सभी लोगो की सुविधा के आधार पर बनाया गया है जिसमे बच्चे,महिलाएं, पुरूष, दिव्यांगजन सभी को अच्छी सुविधा उपलब्ध की जाएगी। पार्षद विनिल दत्त ने बताया कि वार्ड में शौचालय की बहुत समय से मांग थी।

# सेवा पखवाड़े में हुए रक्तदान में गाजियाबाद दूसरे स्थान पर रहा

टीबीसी न्यूज

**लखनऊ।** सेवा पखवाड़ा के तहत हुए रक्तदान में गाजियाबाद को प्रदेश में दूसरा स्थान मिला है। पहले स्थान पर लखनऊ ने बाजी मारी। पखवाड़े के दौरान गाजियाबाद में 129 रक्तदान शिविर लगाए गए थे, इनमें 1995 लोगों ने रक्तदान किया।

आयुष्मान भव योजना के तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। इसके लिए पूरे प्रदेश में 1816 शिविर लगाए गए। इनमें 30,176 रक्तदाताओं का पंजीकरण किया गया, जबकि स्क्रीनिंग के बाद 27,414 लोगों ने रक्तदान किया। इनमें 748 सरकारी स्तर पर, 549 चैरिटेबल और 519 निजी अस्पतालों के सहयोग से लगाए गए थे।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवतोष शंखधर ने बताया कि 205 रक्तदान शिविर में लखनऊ 2355 यूनिट के साथ पहले स्थान पर है। दूसरे स्थान पर गाजियाबाद में 1995 यूनिट रक्तदान हुआ। जहां 129 कैंप लगाए गए। तीसरे स्थान पर आगरा में 96 शिविर में 1894 यूनिट रक्तदान किया गया। चौथे स्थान पर मेरठ रहा। यहां 80 शिविर में 1848 यूनिट रक्तदान हुआ। सीएमओ डॉ. शंखधर ने बताया कि एकत्र रक्त को जिला अस्पताल और ब्लड बैंकों में रखा गया है, जहां से जरूरतमंद ले सकते हैं।

# राज्यस्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में गाजियाबाद को पहला स्थान



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश की ओर से मंगलवार को राज्यस्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता में सलवान स्कूल, गाजियाबाद की छात्रा अनन्या राय के स्मार्ट स्कूल बस प्रोजेक्ट को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

राज्य के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने अनन्या को पुरस्कार के रूप में 25 हजार रुपये नगद, ट्रॉफी और प्रमाणपत्र के साथ सम्मानित किया। प्रतियोगिता में अनन्या ने मेरठ मंडल को प्रदेश में प्रथम स्थान दिलाया।

लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में मंगलवार को आयोजित इस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के कुल 18 मंडलों के विभिन्न जिलों के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान सेफ ट्रांसपोर्ट, चंद्रयान रॉकेट, आधुनिक रोबोट, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, इलेक्ट्रिक शूज आदि मॉडल पेश किए गए। इसमें सलवान स्कूल, गाजियाबाद की ओर से अनन्या राय द्वारा पेश किए 3एस (सेफ, सिक्योर और स्मार्ट) स्कूल बस को प्रथम स्थान स्थान प्राप्त हुआ। इस पूरे प्रोजेक्ट पर मात्र तीन हजार का खर्च आया है। स्मार्ट स्कूल बस को तीन स्तर की सुरक्षा खास बना देती है। इसमें पहले स्तर पर बस का चालक स्मार्ट गॉगल से लैस होगा। यदि बस चालक को झपकी आने लगे तो गॉगल वाइब्रेट करने लगेगा और बस में अलार्म बजने लगेगा। इसके तहत बस के पीछे भी स्क्रीन पर बस चालक के नींद में होने की सूचना मिलने लगेगी। दूसरे स्तर पर बच्चा अगर स्कूल बस की खिड़की से अपना कोई अंग बाहर निकालता है तो उसमें लगा लेजर सिस्टम अपने आप 'बीप' करने लगेगा।

गाजियाबाद के मोदीनगर में 20 अप्रैल 2022 को ऐसा ही हादसा हुआ था। इसमें स्कूल बस की खिड़की से बाहर निकालने के दौरान छात्र अनुराग भारद्वाज का सिर लोहे के गेट से टकरा गया था और उसकी मौत हो गई थी। इस तरह के हादसे रोकने के लिए यह बस मॉडल बनाया गया। प्रोजेक्ट में तीसरी सुरक्षा के तहत स्कूल बस में चढ़ने वाले हर छात्र का ब्योरा अपने आप ऑनलाइन दर्ज हो जाएगा। इसके अलावा आपात स्थिति में बस को बिना स्टीयरिंग के रिमोट से चलाया जा सकता है।

# जेकेजी समेत चार स्कूलों में हुई भारत विकास परिषद की प्रतियोगिता

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** भारत विकास परिषद की इंदिरापुरम शाखा ने भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया। यह प्रतियोगिता चार स्कूलों सेंट एंड्रयूज इन्दिरा पुरम एवं सिद्धार्थ विहार, तथा जेकेजी प्रताप विहार और जेकेजी इन्दिरापुरम ब्रांच में आयोजित किया गया। गुरुवार को प्रतियोगिता के फाइनल इवेंट्स हुए। फाइनल प्रतियोगिता में कुल 721 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रकार कुल 18 स्कूलों के 3980 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया प्रत्येक स्कूल के सीनियर एवं जूनियर वर्ग के प्रथम एवं द्वितीय आए छात्रों के मध्य अंतर स्कूल प्रतियोगिता एवं गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम 14अक्टूबर 2023 को सेंट टेरेसा स्कूल में होंगी। जिसमें स्कूलों के बेस्ट शिक्षक एवं छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। इस पूरी



प्रतियोगिता को संपन्न कराने के लिए शाखा अध्यक्ष विनिता वाजपेयी ने सभी स्कूलों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्य, अध्यापक-अध्यापिकाओं के का आभार जताया। समापन मौके पर पंकज सक्सेना, प्रांतीय संयोजक अतुल भार्गव, कवित बंसल, हेमन्त वाजपेयी, रिचा वालिया, रविन्द्र तिवारी ,नीरज सक्सेना, अरुण शर्मा, नरेन्द्र श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

# 9 दिसंबर को लगेगी अगली राष्ट्रीय लोक अदालत

**गाजियाबाद।** विभिन्न मुद्दों का निस्तारण सुलह, समझौतों के आधार पर कराने के लिए लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इसमें वाहन चालान के अलावा कई प्रकार के वादों का निस्तारण आपसी सुलह के आधार पर किया जाएगा। बता दें कि भारी और बड़े चालान को निपटाने के लिए भी यह एक सुनहरा अवसर है।

जनपद न्यायालय परिसर में 9 दिसंबर को सुबह 10 बजे राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न प्रकृति के वादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं अपर जिला जज सचिन सुनील प्रसाद ने बताया कि लोक अदालत में अपराधी के शमनीय वाद धारा 138 पराक्रम्य, लिखित अधिनियम, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वादकारी, दीवानी, फौजदारी के लघु मामले, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, बैंक रिकवरी, मोटर चालान, पारिवारिक विवाद, उत्तराधिकारी वाद एवं दांपत्य विवादों के प्री लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण के लिए वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराया जाएगा।

# ट्रेनों में नहीं है टिकट

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** दीपावली और छठ पूजा में अब महज एक महीने का समय बाकी रह गया है। इन पर्वों पर दूरदराज शहरों से दिल्ली एनसीआर में रह रहे लोग अब अपने घर जाने की तैयारी में जुटे हुए हैं। लेकिन, उनकी तैयारी में सबसे बड़ी टेंशन ट्रेनों में रिजर्वेशन को लेकर आ रही है। जिन लोगों ने करीब 2 महीने पहले ही आरक्षण करा लिया था, उनकी सीट तो कंफर्म है, लेकिन उसके बाद से ट्रेन में रिजर्वेशन की उम्मीद लगाए बैठे यात्रियों को गहरा झटका लग रहा है। हाल में देखा जा रहा है कि ट्रेन में कंफर्म सीट को लेकर मारामारी है। लंबी वेटिंग के चलते ट्रेनों में सीटें कंफर्म कराने के लिए मारामारी चल रही है। 12 नवंबर की दिवाली के बाद ही 17 नवंबर से छठ पूजा शुरू हो जाएगी। छठ पूजा बिहार और पूर्वांचल का प्रमुख त्योहार होने के कारण बड़ी संख्या में लोग अपने घरों की ओर रवाना होते हैं। देश में किसी भी कोने में रहने वाले लोग छठ पूजा के अवसर अपने घरों को जाने की हर संभव कोशिश करते हैं। जिनके लिए ट्रेन सबसे बड़ा साधन है, लेकिन ट्रेनों में अभी से वेटिंग शुरू होने के चलते परेशानी बढ़ गई है।

# गाजियाबाद को नाज है अपनी इन दो बेटियों पर

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी नवरात्र पर देश की पहली रैपिड रेल को हरी झंडी दिखाएंगे। हालांकि अभी तक उनके कार्यक्रम की तिथि तय नहीं हुई है। इस बीच केंद्रीय मंत्री वी के सिंह ने मेयर और अधिकारियों के साथ रैपिड रेल का जायजा लिया। वी के सिंह की रिपोर्ट के बाद ही प्रधानमंत्री का कार्यक्रम तय होगा। सांसद वीके सिंह और महापौर सुनीता दयाल मंगलवार को आरआरटीएस के साहिबाबाद स्टेशन पर तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रैपिडएक्स रेल में सफर भी किया। खास बात यह रही कि सेमी हाईस्पीड रेल गाजियाबाद की बेटी चला रही थी। इस दौरान महापौर यह देखकर चौंक गई कि साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर स्टेशन कंट्रोलर भी एक बेटी ही थी। महापौर ने दोनों के साथ फोटो भी खिंचवाई।

रैपिडएक्स रेल देश में अपनी तरह की पहली सेमी हाईस्पीड रेल है। इसकी अधिकतम स्पीड 180 किलोमीटर प्रति घंटा है। लेकिन, इसे 160 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चलाया जाएगा। सेमी हाईस्पीड ट्रेन में बहुत कुछ खास होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आरआरटीएस के





जिस साहिबाबाद स्टेशन से रैपिडएक्स रेल को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना करेंगे, इस ट्रेन की चालक भी बेटी ही होगी और इस स्टेशन की कंट्रोलर भी गाजियाबाद की ही बेटी होगी।

गाजियाबाद की बेटी रेशम लोको पायलट और अंजू गोस्वामी साहिबाबाद स्टेशन कन्ट्रोलर हैं। महापौर दोनों बेटियों से मिलीं और बहुत खुशी जाहिर की।

महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि हमारे प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे महिलाएं शक्तिशाली हो रही हैं। आज हर क्षेत्र में वे आगे बढ़कर हिस्सा ले रही हैं। मैं प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने गाजियाबाद की बेटी का कद बढ़ाया और इसी गौरव से हमारी बेटियां देश विदेश में ऊंचाइयों को छू रही हैं। मेयर ने कहा कि गाजियाबाद को नाज है इन दो बेटियों पर।

# हाउस टैक्स जमा करने पर अब 31 अक्टूबर तक मिलेगी छूट




**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** पिछले दिनों हुई गाजियाबाद नगर निगम की बैठक में 18 प्रस्तावों में से 16 को पास कर दिया गया। इसमें कुत्तों को लेकर भी नियमावली बनाई गई। इसी के साथ शहर में डीजल जनरेटर पर प्रतिबंध लगाने पर भी फैसला किया गया है। बता दें कि गाजियाबाद में हाउस टैक्स जमा करने पर अब छूट भी मिलेगी।

गाजियाबाद नगर निगम की बोर्ड बैठक में 16 प्रस्ताव पास किए गए हैं। हालांकि बैठक में कुल 18 प्रस्ताव रखे गए थे। जिन प्रस्तावों को हरी झंडी दी गई थी, उनमें हाउस टैक्स में छूट का एक मुद्दा भी शामिल था।

बता दें कि अब तक गाजियाबाद में 30 सितंबर तक हाउस टैक्स जमा करने पर 20 प्रतिशत की छूट मिल रही थी। इसी के साथ अब 31 अक्टूबर तक हाउस टैक्स जमा करने पर 15 प्रतिशत की छूट मिलेगी और उसके बाद जमा करने पर 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। आपको बता दें कि नगर निगम की बोर्ड बैठक में कुत्तों को लेकर भी एक नियमावली बनाई गई थी। जिसके अंतर्गत कुत्ता पालने को लेकर कुछ नियम बनाए गए थे। इसी दौरान शहर में डीजल जनरेटर से होने वाले प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए भी नियम बनाए गए हैं। एक अक्टूबर से शहर में डीजल जनरेटर पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

ग्रेप योजना के अंतर्गत अब गाजियाबाद में आवासीय, औद्योगिक और किसी भी प्रकार के संस्थानों में डीजल जनरेटर को प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके स्थान पर बायो फ्यूल या सीएनजी से चलने वाले जनरेटर का प्रयोग किया जा सकता है।

ग्रेप योजना के अंतर्गत एक अक्टूबर से कोयला या भट्टी कूड़ा जलाने और किसी भी प्रकार का प्रदूषण करने पर प्रतिबंध रहेगा। इस दौरान उल्लंघन करने पर नगर निगम द्वारा चालान काटने का भी प्रावधान किया गया है।

# देश के शीर्ष तीरंदाज उत्तर प्रदेश में दिखाएंगे अपनी प्रतिभा, योगी करेंगे प्रतियोगिता का शुभारंभ

**टीबीसी न्यूज**

**लखनऊ।** चीन के ग्वांग झोउ में चल रहे एशियन गेम्स में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले भारतीय तीरंदाज अब नवंबर माह में उत्तर प्रदेश में अपना हुनर दिखाते नजर आएंगे। आगामी 25 नवंबर से 30 नवंबर के मध्य रामनगरी अयोध्या में सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश भर के शीर्ष तीरंदाज अपनी स्किल का प्रदर्शन करेंगे। प्रदेश में खेलों के लिए अभूतपूर्व इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करने वाले सीएम योगी इस प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे, जबकि केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर समापन समारोह में हिस्सा लेंगे। उल्लेखनीय है की भारतीय तीरंदाजी टीम ने एशियन गेम्स में देश के लिए 3



गोल्ड, एक सिल्वर और एक ब्रॉन्ज के साथ कुल 5 पदक जीते हैं। सीएम योगी ने सभी विजेताओं को जीत की बधाई भी दी है और अब वह उनकी मेजबानी भी करेंगे।

तय शेड्यूल के अनुसार, देश के कई राज्यों की टीमें 24 नवंबर को प्रतियोगिता के लिए अयोध्या पहुंच जाएंगी।

25 नवंबर को सीएम योगी प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। प्रतियोगिता इंडिविजुअल, टीम और मिक्सड टीम इवेंट में इंडियन, रिकर्व और कंपाउंड राउंड के तहत खेली जाएगी। जानकारी के अनुसार देश भर से 1100 प्रतिभागी इसमें हिस्सा लेंगे, जिसमें 550 पुरुष और 550 महिला प्रतिभागी होंगी। इनमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता के साथ ही खिलाड़ी भगवान राम के बन रहे भव्य मंदिर का भी अवलोकन करेंगे। उत्तर प्रदेश में तीरंदाजी के सबसे बड़े अयोजन से प्रदेश में इस खेल के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए राशन की दुकान पर अभियान चलेगा

**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** जिला स्वास्थ्य विभाग के अथक प्रयास के बाद भी आयुष्मान कार्ड बनाने का आंकड़ा लक्ष्य को नहीं छू पा रहा है। अब एक बार फिर से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान चलेगा। यह अभियान अक्टूबर माह के राशन वितरण होने वाली 31 तारीख के बीच चलाया जाएगा। इस बार यह विशेष अभियान राशन की दुकान पर चलाया जाएगा, जहां स्वास्थ्यकर्मी भी मौजूद रहेंगे। भारत सरकार द्वारा छह या उससे अधिक सदस्यों वाले परिवार को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किए जाने के बाद, लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। कुल 4.30 लाख नए अभ्यर्थियों के आयुष्मान कार्ड बने हैं। पूर्व में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए गए अभियान में 1.80 लाख कार्ड ही बन बन सके थे। सीएमओ डॉक्टर भवतोष शंखधर ने बताया कि अक्टूबर माह के राशन वितरण के समय राशन की दुकान पर लाभार्थी को पहले आयुष्मान कार्ड बनवाने और उसके बाद राशन प्राप्त करने के लिए कहा जाएगा। इसके लिए सभी 550 राशन दुकानों पर स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। कर्मचारियों की व्यवस्था के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से अन्य विभागों से भी सहयोग प्राप्त करने का प्रयास किया जाएगा। शहरी क्षेत्र में एएनएम और ग्रामीण क्षेत्र में आशा कार्यकताओं की ड्यूटी लगाई जाएगी। आयुष्मान भारत योजना के नोडल अधिकारी डॉक्टर चरण सिंह ने बताया आयुष्मान कार्ड बनाने में आपूर्ति विभाग का सहयोग लिया जाएगा। सीएमओ के निर्देश पर स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी राशन की दुकानों पर लगाई जाएगी।

# हांगझोउ एशियन गेम्स में टूटे सारे रिकॉड्र्स, ये रहे पदकवीर

**टीबीसी न्यूज**

**नई दिल्ली।** हांगझोउ में आयोजित एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने कुल 107 मेडल हासिल किए। इस अद्भुत प्रदर्शन के चलते भारत ने चीन, जापान और साउथ कोरिया के बाद चौथा स्थान हासिल किया है। पहली बार भारत ने एशियन गेम्स में 100 का आंकड़ा पार किया। इससे पहले भारतीय खिलाड़ियों ने साल 2018 में इंडोनेशिया के जकार्ता में 70 पदक जीते थे। भारत के पदकों की लिस्ट-28 गोल्ड, 38 सिल्वर, 41 ब्रॉन्जः कुल 107 मेडल



## ये है सभी पदकवीर

1ः मेहुली घोष, आशी चौकसे और रमिता जिंदल- 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट (शूटिंग): सिल्वर, 2ः अर्जुन लाल जाट और अरविंद सिंह, मेन्स लाइटवेट डबल स्कल्स (रोइंग): सिल्वर, 3ः बाबू लाल और लेख राम, मेन्स कॉक्सलेस डबल्स- (रोइंग): कांस्य, 4ः मेन्स कॉक्स्ड 8 टीम- (रोइंग): सिल्वर, 5ः रमिता जिंदल- वूमेन्स 10 मीटर एयर राइफल (शूटिंग): ब्रॉन्ज, 6ः ऐश्वर्य तोमर, रुद्रांक्ष पाटिल और दिव्यांश पंवार, 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट (शूटिंग): गोल्ड, 7ः आशीष, भीम सिंह, जसविंदर सिंह और पुनीत कुमार- मेन्स कॉक्सलेस 4 (रोइंग): ब्रॉन्ज, 8ः परमिंदर सिंह, सतनाम सिंह, जकार खान और सुखमीत सिंह- मेन्स क्वाड्रपल स्कल्स (रोइंग): ब्रॉन्ज, 9ः ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर- मेन्स 10 मीटर एयर राइफल (शूटिंग): ब्रॉन्ज, 10ः अनीश, विजयवीर सिद्धू और आदर्श सिंह- मेन्स 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल (शूटिंग): ब्रॉन्ज

11ःमहिला क्रिकेट टीमः गोल्ड, 12ःनेहा ठाकुर डिंगी- क्छउअ4 इवेंट (सेलिंग): सिल्वर, 13ः इबाद अली- फ्रः (सेलिंग): कांस्य, 14ः दिव्यकीर्ति सिंह, हृदय विपुल छेड, अनुश अग्रवाला और सुदीप्ति हजेला- ड्रेसेज टीम इवेंट (शूटिंग): गोल्ड

15ः सिफ्त कौर सामरा, आशी चौकसे और मानिनी कौशिक-50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्धा (शूटिंग): सिल्वर मेडल, 16ः मनु भाकर, ईशा सिंह, रिदम सांगवान- 25 मीटर पिस्टल टीम स्पर्धा (शूटिंग): गोल्ड, 17ः सिफ्त कौर सामरा- वूमेन्स 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (शूटिंग): गोल्ड मेडल, 18ः आशी चौकसे- वूमेन्स 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (शूटिंग): ब्रॉन्ज, 19ः अंगद, गुरजोत और अनंत जीत- मेन्स स्कीट टीम स्पर्धा (शूटिंग): ब्रॉन्ज, 20ः विष्णु सर्वनन- (सेलिंग): ब्रॉन्ज

21ः ईशा सिंह, वूमेन्स 25 मीटर पिस्टल (शूटिंग): सिल्वर, 22ः अनंत जीत सिंह, मेन्स स्कीट (शूटिंग): सिल्वर, 23. रोशिबिना देवी वुशू (60 किग्रा): सिल्वर

24ः अर्जुन चीमा, सरबजोत सिंह और शिव नरवाल- मेन्स 10 मीटर एयर पिस्टल (शूटिंग): गोल्ड, 25. अनुश अग्रवाला, ड्रेसेज इंडिविजुअल (घुड़सवारी): कांस्य, 26ः ईशा सिंह, दिव्या टीएस और पलक गुलरिया- वूमेन्स 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा (शूटिंग): सिल्वर, 27ः ऐश्वर्य तोमर, अखिल श्योराण और स्वप्निल कुसाले- मेन्स 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन टीम स्पर्धा (शूटिंग): गोल्ड

28ः रामकुमार रामनाथन और साकेत माइनेनी- मेन्स डबल्स (टेनिस): सिल्वर, 29ः पलक गुलिया- वूमेन्स 10 मीटर एयर पिस्टल (शूटिंग): गोल्ड, 30ः ईशा सिंह- वूमेन्स10 मीटर एयर पिस्टल (शूटिंग): सिल्वर, 31ः महिला टीम स्पर्धा (स्क्वैश): ब्रॉन्ज, 32ः ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर- मेन्स 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन (शूटिंग): सिल्वर, 33ः किरण बालियान (शॉट पुट): ब्रॉन्ज, 34ः सरबजोत सिंह और दिव्या टीएस- 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड इवेंट (शूटिंग): सिल्वर,35. रोहन बोपन्ना और ऋतुजा भोसले, मिक्स्ड डबल्स (टेनिस): गोल्ड, 36. मेन्स टीम (स्क्वैश): गोल्ड, 37. कार्तिक कुमार मेन्स 10 हजार मीटर (एथलेटिक्स): सिल्वर, 38. गुलवीर सिंह- मेन्स 10 हजार मीटर (एथलेटिक्स): ब्रॉन्ज, 39. अदिति अशोक (गोल्फ): सिल्वर, 40. राजेश्वरी कुमारी, मनीषा कीर और प्रीति रजक- वूमेन्स टीम इवेंट ट्रैप (शूटिंग): सिल्वर

41. कायन चेनाई, पृथ्वीराज टोंडिमन और जोरावर सिंह- मेन्स टीम इवेंट ट्रैप (शूटिंग): गोल्ड, 42. कायन चेनाई- मेन्स ट्रैप (शूटिंग): ब्रॉन्ज, 43. निकहत जरीन- बॉक्सिंगः ब्रॉन्ज, 44. अविनाश साबले- स्टीपलचेजः गोल्ड, 45. तेजिंदर पाल तूर- शॉट पुटः गोल्ड, 46. हरमिलन बैंस- 1500 मीटरः सिल्वर, 47. अजय कुमार- 1500 मीटरः सिल्वर, 48. जिनसन जॉनसन- 1500 मीटरः ब्रॉन्ज, 49. मुरली श्रीशंकर- लॉन्ग जम्पः सिल्वर, 50. नंदिनी अगासरा- लॉन्ग जम्पः सिल्वर, 51. सीमा पूनिया- डिस्कस थ्रोः ब्रॉन्ज, 52. ज्योति याराजी- 100 मीटर हर्डलः सिल्वर

53. मेन्स टीम इवेंट (बैडमिंटन): सिल्वर

54. वूमेन्स 3000 मीटर रिले टीम (रोलर स्केटिंग): ब्रॉन्ज, 55. मेन्स 3000 मीटर रिले टीम (रोलर स्केटिंग): ब्रॉन्ज, 56. सुतीर्था मुखर्जी और अहिका मुखर्जी (टेबल टेनिस): ब्रॉन्ज, 57. पारुल चौधरी (3000 मीटर स्टीपलचेज): सिल्वर

58. प्रीति (3000 मीटर स्टीपलचेज): ब्रॉन्ज, 59. एन्सी सोजन (लॉन्ग जम्प): सिल्वर, 60. भारतीय टीम (4 गुणा 400 रिले): सिल्वर, 61. अर्जुन सिंह और सुनील सिंह (कैनोइंग डब्ल्स): ब्रॉन्ज

62. प्रीति पवार (54 किग्राः बॉक्सिंग): ब्रॉन्ज, 63. वथ्यिा रामराज (400ट, हर्डल्स): ब्रॉन्ज, 64ः पारुल चौधरी (5000 मीटर): गोल्ड, 65. मोहम्मद अफसल (800 मीटर): सिल्वर, 66. प्रवीण चित्रवेल (ट्रिपल जंप): ब्रॉन्ज, 67ः तेजस्विन शंकर डेकाथलॉनः सिल्वर, 68ः अन्नू रानी (भाला फेंक): गोल्ड, 69. नरेंद्र (बॉक्सिंग : 92ङ्ग्रः): ब्रॉन्ज

70ः मंजू रानी और राम बाबू (35 किमी रेस वॉक मिश्रित टीम स्पधा): ब्रॉन्ज, 71ः ज्योति वेनम ओजस देवताले (कंपाउंड तीरंदाजीः मिक्सड टीम इवेंट): गोल्ड, 72ःअनाहत सिंह- अभय सिंह (स्क्वैश मिश्रित युगल): ब्रॉन्ज, 73ः परवीन हुडा (बॉक्सिंग 54-57 किग्रा): ब्रॉन्ज, 74ः लवलीना बोरगोहेन (बॉक्सिंग 66-75): सिल्वर, 75ः सुनील कुमार (रेसलिंग): ब्रॉन्ज, 76ः हरमिलन बैंस (800 मीटर रेस): सिल्वर, 77ः अविनाश साबले (5000 मीटर रेस): सिल्वर, 78ः महिला टीम (4७400 रिले रेस): सिल्वर 79ः नीरज चोपड़ा (जैवलिन): गोल्ड

80ः किशोर जेना (जैवलिन): सिल्वर, 81ः पुरुष टीम (4७400 रिले रेस): गोल्ड, 82ः तीरंदाजी कंपाउड इवेंट (अदिति-ज्योति परनीत): गोल्ड, 83ः दीपिका पल्लीकल-हरिंदर पाल संधू (स्क्वैश मिक्स्ड डब्ल्स): गोल्ड, 84ः अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले, प्रथमेश जावकर (तीरंदाजीः पुरुष कंपाउंड टीम स्पधा): गोल्ड, 85. सौरव घोषाल, मेन्स सिंगल्स (स्क्वैश): सिल्वर, 86. अंतिम पंघाल (कुश्ती): ब्रॉन्ज, 87. तीरंदाजी (महिला रिकर्व टीमः अंकिता भकत, सिमरनजीत कौर भजन कौर): ब्रॉन्ज, 88. एचएस प्रणॉय (बैडमिंटन): ब्रॉन्ज, 89. सेपक टकरा (महिला): ब्रॉन्ज, 90. अतनु दास, धीरज और तुषार शेल्के- मेन्स रिकर्व (तीरंदाजी): सिल्वर, 91. सोनम मलिक (रेसलिंग): ब्रॉन्ज, 92. किरण बिश्नोई (रेसलिंग): ब्रॉन्ज, 93. अमन सहरावत (रेसलिंग): ब्रॉन्ज, 94. मेन्स टीम (ब्रिज): सिल्वर, 95. मेन्स हॉकी टीमः गोल्ड, 96. अदिति स्वामी (कंपाउंड तीरंदाजी): ब्रॉन्ज, 97ः ज्योति वेन्नम (कंपाउंड तीरंदाजी): गोल्ड, 98. ओजस देवताले (कंपाउंड तीरंदाजी ): गोल्ड, 99. अभिषेक वर्मा (कंपाउंड तीरंदाजी): सिल्वर, 100. महिला कबड्डी टीमः गोल्ड

88. एचएस प्रणॉय (बैडमिंटन): ब्रॉन्ज, 89. सेपक टकरा (महिला): ब्रॉन्ज, 90. अतनु दास, धीरज और तुषार शेल्के- मेन्स रिकर्व (तीरंदाजी): सिल्वर, 91. सोनम मलिक (रेसलिंग): ब्रॉन्ज, 92. किरण बिश्नोई (रेसलिंग): ब्रॉन्ज, 93. अमन सहरावत (रेसलिंग): ब्रॉन्ज

94. मेन्स टीम (ब्रिज): सिल्वर, 95. मेन्स हॉकी टीमः गोल्ड, 96. अदिति स्वामी (कंपाउंड तीरंदाजी): ब्रॉन्ज

97ः ज्योति वेन्नम (कंपाउंड तीरंदाजी): गोल्ड, 98. ओजस देवताले (कंपाउंड तीरंदाजी ): गोल्ड,

99. अभिषेक वर्मा (कंपाउंड तीरंदाजी): सिल्वर

100. महिला कबड्डी टीमः गोल्ड, 101. सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी- चिराग शेट्टी (बैडमिंटन): गोल्ड, 102ः पुरुष क्रिकेट टीमः गोल्ड, 103ः कबड्डी पुरुष टीम : गोल्ड

104ः महिला हॉकीः ब्रॉन्ज, 105ः दीपक पुनिया (रेसलिंग): सिल्वर, 106. वूमेन्स शतरंज टीमः सिल्वर

107. मेन्स शतरंज टीमः सिल्वर।

# 20 दिनों तक नोएडा और गाजियाबाद में नहीं आएगा गंगाजल, त्योहारों में होगी किल्लत




टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** त्योहारों का मौसम शुरू होने वाला है। त्योहारों में पानी का खर्च अधिक होता है। लेकिन, सभी त्योहार बगैर गंगाजल के मनाने होंगे। आदेश के अनुसार, नहर की सफाई की वजह से गंगाजल प्लांट 24 अक्टूबर की रात से लेकर 14 नवंबर तक बंद रहेगा। इस फरमान से नोएडा और गाजियाबाद में पानी को लेकर चिंता बढ़ गई है।

सिद्धार्थ विहार में 245 एमएलडी की क्षमता का प्लांट है। इस प्लांट से 80 प्रतिशत पानी नोएडा, 15 प्रतिशत जीडीए और पांच प्रतिशत आवास विकास के क्षेत्र में आपूर्ति की जाती है। एक बार गंगाजल प्लांट में पानी बंद होने के बाद केवल दो समय का ही पानी बच जाता है। ऐसे में 25 अक्टूबर की रात से लोगों को पानी की किल्लत शुरू होगी। बड़ी बात यह है कि गंगाजल की शहर में ढंग से आपूर्ति शुरू नहीं हुई है। दूसरी तरफ, शहर में आएदिन कहीं न कहीं पानी की आपूर्ति बाधित हो रही है। शहर के सेक्टरों में पाइपलाइन लीकेज की घटनाएं बढ़ रही हैं। नोएडा अथॉरिटी के जल विभाग अधिकारी ने बताया कि शहर में हर दिन करीब 400 एमएलडी पानी की खपत होती है। इसमें 250 एमएलडी गंगाजल गाजियाबाद से आता है। हर वर्ष गंग नहर की सफाई के चलते नहर का पानी की आपूर्ति लगभग 20 दिन बंद रहती है। इस दौरान शहर में हाई टीडीएस की समस्या बनी रहती है। उन्होंने बताया कि पूरी कोशिश है कि कहीं पर पानी का संकट न होने पाए। गंगाजल की सप्लाई न होने से कुछ इलाकों में प्रेशर की समस्या जरूर हो सकती है। लेकिन, उसको भी दूर करने की कोशिश की जा रही है। जहां पर भी पानी की समस्या होगी, वहां टैंकर भेजे जाएंगे।

# गाजियाबाद के पॉल्यूशन लेवल में आया सुधार, एक्यूआई में आई गिरावट

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में लगातार वायु प्रदूषण को लेकर गाजियाबाद नगर निगम वृहद स्तर पर कार्यवाही कर रहा है। इसी क्रम में शहर में स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान भी चलाये जा रहे हैं। सड़कों की मरम्मत का कार्य, पानी छिड़काव का कार्य, धूल मुक्त सड़कों का अभियान, कचरा जलाने पर रोक, व अन्य अभियान ग्रैप के अंतर्गत जोरों से चल रहे हैं, जिसका सकारात्मक रिजल्ट देखने को मिल रहा है।

नगर आयुक्त लगातार वायु प्रदूषण को लेकर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग में लगे हुए हैं जिसके चलते वायु की गुणवत्ता में कुछ सुधार दिखाई दे रहा है।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, एयर क्वालिटी इंडेक्स में गिरावट आई है। एयर क्वालिटी इंडेक्स 200 से 300 के बीच था, जो कि वर्तमान में लगभग 150 दिखाई दे रहा है।

वायु की गुणवत्ता में सुधार आ रहा है। गाजियाबाद नगर निगम युद्ध स्तर पर वायु प्रदूषण के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही कर रहा है। जिसमें



नगर आयुक्त द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों के साथ विशेष बैठक की गई जिसमें अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित उपकरणों को सड़कों पर उतारने के निर्देश दिए है, ताकि उनके माध्यम से वायु प्रदूषण को कम करने का प्रयास किया जाए और वायु की गुणवत्ता में सुधार किया जाए इसका प्रयास निगम द्वारा किया जा रहा है।

नगर आयुक्त ने बैठक में नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश को कड़े निर्देश देते हुए लगातार स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा।

महाप्रबंधक जल आनंद त्रिपाठी को पानी के छिड़काव पर कार्यवाही करने के लिए कहा। प्रभारी उद्यान को भी ग्रीन बेल्ट तथा पार्कों की स्वच्छता तथा पानी छिड़काव के लिए आदेशित किया।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को तकनीकी माध्यम से किया जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग करने के लिए निर्देश दिए, नगर आयुक्त ने स्प्रिंकलर मशीन तथा मैकेनाइज्ड स्वीपिंग पर विशेष जोर देते हुए कार्य करने के लिए अधिकारियों को आदेश दिये।

बैठक में सभी विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे जिसमें निर्माण विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम को मोटिवेट करते हुए लगातार बेहतर कार्य करने के लिए निर्देश दिए, महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम वायु प्रदूषण सुधार को लेकर वृहद स्तर पर अभियान चला रहा है जिससे आगामी त्यौहारों पर वायु की गुणवत्ता में और अधिक सुधार होगा जिसका प्रयास लगातार निगम कर रहा है।

# रैपिड एक्स को पूरे पश्चिम यूपी में फैलाया जाएगा: वीके सिंह

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** दिल्ली और मेरठ के बीच चलने वाली भारत की पहली रीजनल रेल रैपिडेक्स ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) को हापुड़, शामली और बुलंदशहर तक लेकर जाने की योजना है। इसको लेकर तैयारी शुरू हो गई है। दिल्ली मेरठ के बाद रैपिड रेल जेवर एयरपोर्ट तक चलेगी। इसकी घोषणा गाजियाबाद के सांसद और केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह ने की है। उन्होंने कहा कि रैपिड एक्स को पूरे पश्चिम यूपी में फैलाया जाएगा। एनसीआर प्लानिंग बोर्ड एनसीआर के लोगों को राहत दिलाने के लिए काफी तेजी के साथ काम कर रही है। दिल्ली, गुरुग्राम, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद समेत एनसीआर और वेस्ट यूपी में जनसंख्या वृद्धि होती जा रही है। बढ़ती जनसंख्या के साथ ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की लोकल सड़कों पर ट्रैफिक को कम करने के लिए एक्सप्रेसवे एक बेहतर माध्यम है। हम यह भी कह सकते हैं कि दिल्ली मेरठ के बीच चलने वाली रैपिडएक्स ट्रेन के माध्यम से सड़कों पर ट्रैफिक कम होगा। रैपिड रेल को दुहाई से जेवर तक चलने की योजना



है। जेवर एयरपोर्ट के पास रैपिडएक्स रेल का स्टेशन बनाया जाएगा। इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके बाद इस रैपिडएक्स को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के हापुड़, शामली और बुलंदशहर तक लाया जाएगा।

रैपिडएक्स में केवल 2 रुपये में 1 किलोमीटर का सफर तय किया जा सकता है। दिल्ली से मेरठ 82 किलोमीटर की दूरी केवल कुछ मिनट में तय कर सकते हैं। दिल्ली और मेरठ के बीच 180 की रफ्तार से चलेगी।

82 किलोमीटर सफर के 170 रुपये से भी कम देने होंगे। बता दें कि दिल्ली मेरठ कॉरिडोर इस योजना का केवल 20 फीसदी हिस्सा होगा, जो साल 2025 तक बनकर पूरी तरह से तैयार हो जाएगा। तब रैपिड रेल दिल्ली से मेरठ के पल्लवपुरम तक दौड़ने लगेगी।

इसके बाद राजधानी दिल्ली और पश्चिमी यूपी के सबसे महत्वपूर्ण शहर मेरठ के बीच 82 किलोमीटर की यात्रा महज एक घंटे में पूरी होगी इसके बाद दिल्ली या नोएडा में काम करने वाले लोगों का मेरठ में रहना संभव हो जाएगा। इसके बाद कुछ और शहरों में रैपिड रेल चलाने का रास्ता साफ हो जाएगा।

हालांकि बहुत कुछइस बात पर निर्भर करेगा कि सरकार आरआरटीएस नेटवर्क को कितनी तेजी से आगे बढ़ाती है।

# निगम क्षेत्र के बाहर का टेंडर मांगने पर मेयर ने जताई नाराजगी

टीबीसी न्यूज



**गाजियाबाद।** कुछ समय पहले 15वें वित्त आयोग से 14 प्रस्तावित कार्य कराए जाने थे। उन प्रस्तावित कार्यों में नगर निगम द्वारा कविनगर जोन के अंतर्गत डंपिंग ग्राउंड पर एप्रोच सड़क का निर्माण का कोई कार्य नही दशार्या गया था। ये कार्य निगम सीमान्तर्गत क्षेत्र के बाहर होना था। इसलिए इस पर कोई चर्चा संभव नहीं हुई। लेकिन इस कार्य के लिए निर्माण विभाग द्वारा निविदा मांग ली गई है। यह कार्य नगर निगम के अधिकार क्षेत्र से बाहर है और अनियमित है और ऐसा होना निगम हित मे ठीक नही है। मेयर सुनीता दयाल ने सम्बन्ध में बताया कि उक्त सड़क निर्माण कार्य को कविनगर जोन के अंतर्गत लेकर टेंडर प्रक्रिया में डाला गया है, जबकि पाईप लाईन रोड नगर निगम एवं कविनगर जोन की सीमा से बाहर है। उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में पहले ही कह चुकी थी कि हम निगम सीमा से बाहर कार्य नहीं कराएंगे उसके बाद भी उक्त कार्य को निविदा हेतु ऑनलाइन डाला गया जो उचित नहीं है। उपरोक्त सड़क निर्माण के कार्य की टेण्डर निविदा को तत्काल रोकने हेतु निर्देश दिए गए है। महापौर ने उपरोक्त कार्य हेतु अपनी नाराजगी जताई गई।

# पहले दिन आठ हजार लोगों के बने आयुष्मान कार्ड

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए गुरुवार सुबह आठ बजे से ही राशन की दुकानों पर लाभार्थियों की कतार लग गई। देर शाम तक आठ हजार लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं।

योजना के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ.चरन सिंह ने बताया कि सबसे अधिक लाभार्थियों वाली 80 राशन की दुकानों पर चिकित्सकों की उपस्थिति में आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

सीएमओ डॉ. भवतोष शंखधर ने भी कई राशन की दुकानों का निरीक्षण किया। एक ही राशन कार्ड पर छह या उससे अधिक सदस्यों वाले 65 हजार परिवारों के साढ़े चार लाख नए लाभार्थियों को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया गया है।

# रैपिड एक्स रेल स्टेशनों पर बनाई गई पर्याप्त पार्किंग

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के प्रथम खंड के सभी स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिए वाहनों की पार्किंग बनाई गई है। ये पार्किंग स्टेशनों के प्रवेश और निकास द्वार के पास बनाए गए हैं, ताकि यात्रियों को उनकी गाड़ी पार्क करने के लिए दूर ना जाना पड़े। इन स्टेशनों की पार्किंग में पर्याप्त संख्या में वाहन खड़े हो सकेंगे।

17 किलोमीटर लंबे प्राथमिक खंड में कुल पांच स्टेशन, साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो हैं। इस खंड को यात्रियों के लिए ट्रेन ऑपरेशन आरंभ करने की तैयारी जोर शोर से चल रही है। ट्रेन ऑपरेशन शुरू होने के साथ ही वाहनों की पार्किंग भी सक्रिय हो जाएंगी। इन पार्किंग में साइकिल, मोटर साइकिल-स्कूटर और कार को खड़ा करने की व्यवस्था होगी। इसी के मद्देनजर पार्किंग शुल्क भी अलग-अलग श्रेणी में निर्धारित किया गया है।

एनसीआरटीसी की पार्किंग की खास बात ये होगी कि इन स्टेशनों पर पिक एंड ड्रॉप के लिए आने वाले वाहनों के लिए



शुरुआती 10 मिनट तक की पार्किंग निःशुल्क रहेगी और अगर इससे ज्यादा देर तक वाहन खड़ा किया जाता है तो पार्किंग शुल्क देना होगा।

साहिबाबाद स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए तीन प्रवेश-निकास द्वार बनाए हैं, जिनमें से एक प्रवेश द्वार को यूपीएसआरटीसी के साहिबाबाद बस अड्डे से जोड़ा गया है, दूसरा प्रवेश निकास द्वार सड़क के दूसरी ओर बनाया गया है और तीसरा प्रवेश-निकास द्वार साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट-4 की ओर बनाया गया है। खास बात यह है कि इस स्टेशन के तीनों प्रवेश निकास-द्वारों पर यात्रियों के लिए पार्किंग बनाई गई हैं। गाजियाबाद स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन के सामने ही एक बड़ी पार्किंग बनाई गई है। गुलधर स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए दो प्रवेश निकास द्वार बनाए गए हैं और इन दोनों प्रवेश-निकास द्वारों के बाहर वाहन पार्किंग बनाई है। वहीं, दुहाई स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए चार प्रवेश-निकास द्वार बनाए गए हैं और चारों प्रवेश द्वार पर एक-एक पार्किंग बनाई गई है।

एनसीआरटीसी की ये पार्किंग का मैनेजमेंट ऑपरेशन और मेंटेनेंस संभालने वाली कंपनी डीबी आरआरटीएस इंडिया द्वारा किया जाएगा। एनसीआरटीसी ने भारत की प्रथम रीजनल रेल के पहले कॉरिडोर के ऑपरेशन और मेंटेनेंस के कार्य के लिए डॉयचे बान इंडिया (डीबी इंडिया) के साथ करार किया है। इसके अंतर्गत पूरे 82 किमी लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर के व्यापक ऑपरेशन और मेंटेनेंस का कार्य डॉयचे बान इंडिया द्वारा 12 वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा।

# रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद अनंत ने लगाया दूसरा ब्लड डोनेशन कैंप

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ गाजियाबाद अनंत की ओर से दूसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राज कुमार गोयल इंस्टीटयूट आफ टेक्नोलॉजी गाजियाबाद के सौजन्य से नोएडा रोटरी ब्लड बैंक के माध्यम से कॉलेज परिसर में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में छात्रों के साथ आम लोगों ने रक्तदान किया। कैंप की शुरूआत मुख्य अतिथि दिनेश कुमार गोयल, एम एल सी एवं चैयरमैन आरकेजीआईटी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप मे रो.प्रियतोष गुप्ता मंडलाध्यक्ष, रो. प्रशांत राज शर्मा मंडलाध्यक्ष 24-25, रो.मनोज अग्रवाल डिस्ट्रिक्ट डायरेक्टर, रोटेरियन विवेक त्यागी असिस्टेंट गवर्नर उपस्थित थे।

वी सी शर्मा, डायरेक्टर, एच एस गर्ग डीन, आलोक त्यागी, डा.पूनम कुमार, प्रिया शर्मा, विभूति त्यागी, सभी ने दीप प्रज्वलित करके कैम्प की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने रोटरी क्लब गाजियाबाद अनंत द्वारा इस शुभ कार्य हेतु कैंप आयोजित करने पर बधाई दी।

उन्होंने कहा कि एक यूनिट से कई जान बचाई जा सकती हैं। यह एक मानवता के लिए बहुत ही आवश्यक एवं महत्वपूर्ण योगदान है। साथ ही मंडलाध्यक्ष ने क्लब द्वारा इस दूसरे ब्लड डोनेशन कैंप के लिए बधाई देते हुए कहा कि गाजियाबाद अनंत समाज सेवा मे बढ चढ़कर संलग्न है। रो.प्रशांत राज ने क्लब गाजियाबाद अनंत के द्वारा लगातार प्रोजेक्ट किये जाने की सराहना की।

इस कैंप में रोटरी हेल्थ अवेयरनेस मिशन के अध्यक्ष रो. डॉक्टर धीरज कुमार भार्गव, रोटरी क्लब गाजियाबाद ग्रेटर नेक्स्ट के पूर्व अध्यक्ष रो. रवि बाली ने अपनी उपस्थिति से रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया। डायरेक्टर







वी सी शर्मा ने ब्लड डोनेट कर कैंप की शुरूआत की। अध्यक्ष रो. अभिषेक जिंदल,रो. स्वाति जिंदल,रो. अंशुल गर्ग सचिव, रो. विनीत जैन क्लब ट्रेनर एवं क्लब के मीडिया प्रभारी रो.संदीप सिंघल ने बताया कि सबके योगदान से 282 यूनिट एकत्रित करके एक सफल कैंप का आयोजन किया। इस अवसर पर क्लब द्वारा प्रत्येक ब्लड डोनर को एक सर्टिफिकेट व खुबसूरत गिफ्ट प्रदान किए गए।

कार्यक्रम का संचालन प्रोजेक्ट चेयरमैन रो दिनेश कुमार मित्तल ने किया और सभी को हार्दिक आभार प्रकट किया।

# रोटरी क्लब जिंदलनगर ने कुष्ठ आश्रम के परिवारों को दिया 500 किलो राशन




टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब जिंदल नगर की ओर से सोमवार को नवजीवन कुष्ठ आश्रम में रहने वाले परिवारों को सूखा राशन वितरित किया गया। रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रियतोष गुप्ता के सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोटरी क्लब के सदस्य शामिल हुए। इस मौके पर 42 परिवारों को सूखा राशन दिया गया। राशन पाकर सभी परिवारों के सदस्यों के चेहरों पर खुशी छा गई।

सूखा राशन में आटा, दाल, मसाले, तेल व खाने-पीने के सामान थे। क्लब के सदस्यों ने बताया कि करीब 500 किलो राशन का वितरण किया गया।

# रोटरी क्लब ट्राइडेंट के शिविर में 106 लोगों ने कराई स्वास्थ्य की जांच



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ट्राइडेंट की ओर से अशोक नगर, नेहरूनगर में रविवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।

अशोक नगर नेहरूनगर आरडब्ल्यूए के सहयोग से आयोजित शिविर में 106 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। होली चाइल्ड स्कूल के पास स्थित कम्यूनिटी सेंटर में आयोजित शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी और दांतों की जांच की गई। नोएडा स्थित मेट्रो अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। इस मौके पर क्लब के सदस्यों ने डॉक्टर्स को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए लोगों को हरसंभव सुविधाएं मुहैय्या कराने के लिए रोटरी क्लब ट्राइडेंट प्रतिबद्ध है। आने वाले समय में और भी शिविर लगाए जाएंगे

# आरएचएएम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. धीरज भार्गव राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब आफ इंदिरापुरम गैलोर और आरएचएएम फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. धीरज कुमार भार्गव को समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

रविवार 08 अक्टूबर को जनकपुरी, नई दिल्ली में आयोजित ज्योतिष सम्मान समारोह एवं सम्मेलन में यह सम्मान दिया गया। डॉ. धीरज कुमार भार्गव की ओर से उनके पुत्र प्रतीक भार्गव ने सम्मान ग्रहण किया। सामाजिक और लोककल्याण संस्था जनसंस्कृति की ओर से आयोजित समारोह में कई नामी गिरामी लोगों को सम्मानित किया गया।

आयोजक त्रिलोक कुमार झा ने बताया कि डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने अपनी संस्था के माध्यम से हजारों की संख्या में लोगों को मदद पहुंचा रहे हैं। रहम फाउंडेशन के माध्यम से



1100 से अधिक टीबी मरीजों को गोद लिया है। टीबी मरीजों को पुष्टाहार दिया जाता है। इसके अलावा कई सामाजिक कार्यों में भी जुटे हैं। आयोजकों को धन्यवाद देते हुए डॉ. धीरज कुमार भार्गव ने कहा कि ऐसे सम्मान से समाज सेवा करने में और प्रेरणा मिलती है।

# रोटरी क्लब सोनीपत ने कराया अंगदान सेमिनार




टीबीसी न्यूज

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अप टाउन ने सीए सोनीपत ब्रांच के साथ मिलकर लोगों को अंगदान करने के प्रति जागरूक करने के लिए एक सेमिनार का किया। इस सेमिनार मे रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3012 से रोटेरियन रवि बाली व सुदीप डे ने सीए को अंगदान करने के लिए बताया। जिस तरह नेत्र दान, रक्त दान को महादान माना गया है उसी तरह अंग दान भी महादान से कम नहीं है। व्यक्ति की मृत्यु के बाद अगर उनके शरीर का अंग किसी जरूरतमंद के काम आ सके तो इससे अच्छा दान कोई नहीं हो सकता।

क्लब के प्रधान सीए संजय गर्ग ने सभी आए हुए मेंबर्स का आभार जताया। इस मौके पर क्लब से मंजीत सिंह, राजीव शर्मा, व सी ए ब्रांच से 50 से अधिक चार्टर्ड अकाउंटेंस ने शिरकत की।

# रोटरी क्लब ने रईसपुर गांव स्थित प्रशांत सरोवर पर किया वृक्षारोपण

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** आज रोटेरी क्लब गाज़ियाबाद द्वारा रईसपुर गांव स्थित प्रशांत सरोवर पर सघन वृक्षारोपण किया गया।एक अभियान के अंतर्गत करीब चार दर्जन पौधे लगाए गए। इस अवसर पर रोटेरी क्लब की अध्यक्ष डॉ पूजा गुप्ता ने बताया कि अभियान के अन्तर्गत नगर निगम गाज़ियाबाद के सीमा क्षेत्र में स्थित जलाशयों को संरक्षित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। गतिविधि के संयोजक रोटेरियन अरुण शर्मा ने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ हमें तालाबों की भूमि को अतिक्रमण से भी बचाना होगा।

पर्यावरणविद प्रवीण कुमार एडवोकेट ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित करने का दायित्व राज व समाज दोनों को मिलकर निभाना होगा। उन्होंने सभी जलाशयों की भूमि की पैमाईश व निशानदेही की आवश्यकता पर बल दिया। क्लब के भावी अध्यक्ष रोटेरियन वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि क्लब पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और इस दिशा में निरंतर अपना सहयोग प्रदान करता रहेगा। अभियान में आर पी माहेश्वरी, एडवोकेट आशीष चौधरी, राजीव कुमार, प्रमोद कुमार, अवनीश पाठक, पुनीत श्रीवास्तव के साथ-साथ रोटरेक्ट क्लब की अध्यक्ष अंशिका व उनके युवा साथियों हर्ष, अग्नेय, अनस व कृष्णा आदि ने भाग लिया।

# भगवती इंस्टीट्यूट में रक्तदान शिविर का आयोजन

**सोनीपत।** रोटरी नोएडा रिसर्च एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से भगवती इंस्टीट्यूट में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर संचालिका ने बताया कि गुरुवार को आयोजित शिविर में 53 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस मौके पर हिमांशु सिंघल, डॉ. अनिरुद्ध विश्वास, सौरभ शर्मा, साहिल, अशोक आदि उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री द्वारा रैपिड रेल का उद्घाटन से पहले मुख्यमंत्री ने लिया तैयारियों का जायजा













**टीबीसी न्यूज**

**गाजियाबाद।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गाजियाबाद का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आरआरटीएस कॉरिडोर के साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के सभा स्थल का भी निरीक्षण किया। नवरात्र पर जल्द ही प्रधानमंत्री रैपिडएक्स रेल को हरी झंडी दिखा सकते हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने तैयारियो का जायजा लिया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर ने व्यवस्था के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आरआरटीएस कॉरिडोर के साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान एनसीआरटीसी और गाजियाबाद प्रशासन ने तैयारियों से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। स्टेशन पर युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। सभा स्थल से लेकर साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन को सजाया जा रहा है। योगी आदित्यनाथ गुरुवार को दोपहर तीन बजे के करीब हिंडन एयरबेस से इंदिरापुरम सीआरपीएफ कैंप स्थित अतिथि गृह पहुंचे। वहां कुछ देर विश्राम करने के बाद वे सीधे साहिबाबाद रैपिडएक्स स्टेशन गए। उन्होंने स्टेशन तथा सभास्थल का निरीक्षण किया। सभा स्थल पर सड़क बनाने और मैदान को समतल करने का कार्य चल रहा है। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद जल्द ही सभास्थल पर टेंट लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उम्मीद है कि नवरात्रि में 20 अक्टूबर को प्रधानमंत्री आरआरटीएस कॉरिडोर के प्रथम फेज का उद्घाटन कर सकते हैं।

## जिला प्रशासन सहित जनप्रतिनिधि भी रहे साथ

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री सबसे पहले रैपिडएक्स स्टेशन पहुंचे और वहां का जायजा लिया। इसके बाद एनसीआरटीसी के अधिकारी और पुलिस कमिश्नर अजय मिश्रा ने व्यवस्थाओं के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री के साथ सांसद वीके सिंह, विधायक नंद किशोर गुर्जर, जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, नगर विधायक अतुल गर्ग सहित कई जनप्रतिनिधि दिखाई दिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्टेशन पर तैयारियों से संतुष्ट नजर आए। गाजियाबाद स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन के सामने ही एक बड़ी पार्किंग बनाई गई है। गुलधर स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए दो प्रवेश निकास द्वार बनाए गए हैं। इन दोनों प्रवेश-निकास द्वारों के बाहर वाहन पार्किंग बनाई है। दुहाई स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए चार प्रवेश-निकास द्वार बनाए गए हैं और चारों प्रवेश द्वार पर एक-एक पार्किंग बनाई गई है।

सीएम ने स्टेशन परिसर में सबसे पहले महिला पायलट से बात की। उसके बाद टिकट काउंटर पर महिला स्टाफ से हाल-चाल पूछकर जिम्मेदारी निभाने की बात कही। उसके बाद सीएम योगी ने रैपिडएक्स ट्रेन का निरीक्षण किया। उन्होंने तीन कोच देखे, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफर करने के बारे में भी बताया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के साथ मौजूद रहे भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र शिशोदिया ने बताया कि सेमी हाई-स्पीड रैपिडएक्स ट्रेन के उद्घाटन की संभावित तिथि 20 अक्तूबर है। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दो घंटे का कार्यक्रम प्रस्तावित है। शुरूआती 45 मिनट में वह साहिबाबाद स्टेशन पहुंचेंगे। पीएम सबसे पहले ऑनलाइन वॉलेट से टिकट खरीदेंगे। उसके बाद प्लेटफार्म पर तीन रैपिडएक्स ट्रेन खड़ी होंगी। पहली ट्रेन पायलट होगी, दूसरी ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाकर देश को समर्पित करेंगे। उसके बाद सरकारी स्कूल के बच्चों के साथ गुलधर स्टेशन तक सफर करेंगे। तीसरी ट्रेन जनप्रतिनिधि और अन्य अधिकारियों के लिए होगी। करीब 17 मिनट के सफर के बाद पीएम कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर जनसभा को संबोधित करेंगे। सीएम योगी ने इस प्रस्तावित प्लान को देखकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। सीएम यहां से शाम साढ़े चार बजे हिंडन एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गए।

इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री सांसद वीके सिंह, राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप, महापौर सुनीता दयाल, राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, विधायक अतुल गर्ग, सुनील शर्मा, नंद किशोर गुर्जर, अजीतपाल त्यागी, डॉ. मंजू शिवाच, धर्मेश तोमर, एमएलसी दिनेश गोयल, श्रीचंद शर्मा, धर्मेंद्र भारद्वाज, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र शिशोदिया, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, हरीश सिंह, विकास अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा और जिला अध्यक्ष सतपाल प्रधान मौजूद रहे।

## दुनिया में नई बीमारी की दस्तक, आंखों में हो रहा डिजिटल तनाव

**टीबीसी न्यूज**

नोएडा डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग की आदत से दुनिया में अब एक नई बीमारी ने दस्तक दी है। विश्व दृष्टि दिवस पर सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में नेत्र विशेषज्ञों ने तेजी से पैर पसार रहे डिजिटल तनाव की बीमारी पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि इलेक्ट्रानिक गैजेट्स के इस्तेमाल से आंखों पर डिजिटल आई स्ट्रेन तेजी से बढ़ रहा है। कार्यक्रम में 'कार्यस्थल पर नेत्र स्वास्थ्य' के बारे में जागरूक किया गया। पीजीआ-ईसीएच के निदेशक डॉ. एके सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि कार्यस्थल पर अपने नेत्र स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना और उस-की रक्षा करना महत्वपूर्ण है।

प्रोफेसर डॉ. दिव्या जैन ने बताया कि अपने वर्क स्टेशन में सरल बदलाव करें और आंखों के डिजिटल तनाव को कम करें। हर 20 मिनट में कम से कम 20 सेकेंड के लिए 20 फीट दूर किसी चीज को देखें। अपना चश्मा पहनें। यदि आपको अपनी दृष्टि को ठीक करने के लिए चश्मे का उपयोग करने की सलाह दी गई है, तो सुनिश्चित करें कि आप उन्हें पहनें। अपनी नियमित नेत्र जांच कराएं और अपने नेत्र चिकित्सक से असुविधा और तनाव को कम करने उपाय पूछें।

## कर्नल तेजेन्द्र पाल ने छात्रों को किया मोटिवेट



**टीबीसी न्यूज**

गाजियाबाद। एकेजी इंजीनियरिंग कॉलेज सभागार में प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं को मोटिवेट करने के लिए फ्लेट ओनर फे-डरेशन गाजियाबाद के चैयरमेन और वीर चक्र प्राप्त कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी को आमंत्रित किया गया। उन्होंने छात्रों को बताया कि देश की वर्तमान स्थिति को बेहतर बनाने के लिए संविधान के अनुच्छेद-51ए में दिए गए 11 कर्तव्यों को यदि हम बार-बार पढ़ते भी रहें, तो समाधान प्रारंभ हो जाएगा।

कर्नल त्यागी ने प्रत्येक कर्तव्यों को उ-दाहरण देकर समझाया और प्रश्न किया कि जो दिखाई देता है, उस पर प्रश्न करें, जब तक सही बात समझ में न आ जाए। किसी काम को पूरा करने के अलावा कुछ थोड़ा सा अपनी तरफ से जोड़ो। भीड़ से अलग दिखने के लिए यही एक रास्ता है। उन्होंने छात्र छात्राओं को राष्ट्रीय एकीकरण, चरित्र निर्माण, वातावरण, संरक्षण, महिलाओं का सम्मान, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, संविधान, राष्ट्रगान और राष्ट्रध्वज के बारे मे जानकारी दी। एकेजी इंजीनियरिंग कॉलेज के डीन कर्नल कपूर, प्रोफेसर आदित्य प्रताप सिंह एवं अन्य फैकल्टी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी दर में आई कमी

टीबीसी न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश से बड़ी खबर है। योगी आदित्यनाथ सरकार के मिशन रोजगार का असर नजर आने लगा है। यूपी में बेरोजगारी दर घटकर 2.6 फीसदी हो गयी है। आंकड़ों से गदगद सरकार ने दवा किया है कि उत्तर प्रदेश ने समाज के हर वर्ग को रोजगार प्रदान करने में अभूतपूर्व प्रगति की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में साढ़े छह वर्ष में छह लाख से अधिक सरकारी नौकरियां यूपी के युवाओं को मिली हैं। मिशन रोजगार के तहत कार्य कर रही योगी सरकार निरंतर युवाओं को नियुक्ति पत्र दे रही है।



राज्य सरकार से मिली जानकारी के मुताबिक, आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट के अनुसार 2017-18 में राष्ट्रीय स्तर पर बेरोजगारी दर 6.1 फीसदी थी, जो 2022-23 में घटकर 3.4 फीसदी हो गई है। वहीं, उत्तर प्रदेश की बात की जाए तो बेरोजगारी दर कम करने में राज्य ने अच्छा प्रदर्शन किया है। वित्त वर्ष 2017-18 में यूपी में बेरोजगारी दर 6.4 फीसदी थी, जो 2022-23 के दौरान घटकर 2.6 फीसदी हो गई है। सरकार का कहना है, ‛निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से चलाया जा रहा मिशन रोजगार अभियान प्रदेश में सफल रहा है। इसके जरिए गत साढ़े छह वर्ष में प्रदेश सरकार ने छह लाख युवाओं को सरकारी नौकरी से जोड़ा है।

सरकार की ओर से जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि योगी सरकार के प्रयासों का नतीजा रहा है कि प्रदेश में निजी क्षेत्र में निवेश बढ़ा है। नई नौकरियां और रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। इससे उत्तर प्रदेश में 2017-18 के सापेक्ष 2022-23 में बेरोजगारी दर में 3.8 फीसदी की कमी आई है। निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित कर रहे हैं। अकेले पुलिस विभाग में लगभग डेढ़ लाख से अधिक नौकरियां दी गई हैं।

सीएम ने अक्टूबर महीने में ही 394 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट और उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग से चयनित 219 प्रधानाचार्य को नियुक्ति पत्र दिए हैं। इससे पहले 9 जून को 7,182 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकर्त्रियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। 10 जून को एसजीपीजीआई में नवचयनित 1442 स्टॉफ नर्सों को, 17 जून को 102 उद्यमी मित्रों को नियुक्ति पत्र और 232 करोड़ की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया गया था। 6 जुलाई को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित 1,148 पदों पर नियुक्ति पत्र दिए गए। 8 जुलाई को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड द्वारा कुशल खिलाड़ी कोटे में चयनित 227 आरक्षियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। सचिवालय प्रशासन विभाग ने 13 जुलाई को 199 समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी को नियुक्ति पत्र दिए थे। जुलाई के महीने में योगी आदित्यनाथ सरकार ने झमाझम नौकरियां दीं। 183 कनिष्ठ सहायक (परिवहन विभाग) और 128 कनिष्ठ सहायक (निर्वाचन विभाग) समेत कुल 510 लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए थे। 15 जुलाई को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 400 नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र मुख्यमंत्री ने सौंपे थे। 18 जुलाई को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नवचयनित 1,573 एएनएम को नियुक्ति पत्र और 20 जुलाई को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 700 नवचयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सीएम योगी ने दिए थे।

# गुरुकुल स्कूल में 9वीं सिनर्जी में 20 स्कूलों के हजारों छात्रों ने लिया भाग



टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए गाजियाबाद के प्रतिष्ठित विद्यालय गुरुकुल द स्कूल ने वार्षिक इंटर स्कूल प्रतियोगिता 9वीं सिनर्जी की मेजबानी की। कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य छात्रों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एक साझा मंच प्रदान करना है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ-साथ साहित्यिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। गुरुकुल स्कूल के इस प्रयास से छात्रों को एक ही मंच पर भागीदारी करने के साथ-साथ शारीरिक क्षमताओं को उभारने एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुक होने का अवसर मिला। इस प्रतियोगिता में गाजियाबाद एवं राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 20 स्कूलों की कक्षा केजी से 12वीं तक के लगभग 1000 छात्र-छात्राओं ने प्रतिस्पर्धा की विभिन्न श्रेणियों में भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्व प्रसिद्ध बाल एवं किशोर मनोचिकित्सक डॉ. जितेंद्र नागपाल, मनोचिकित्सक व लेखिका गगनदीप कौर एवं सहायक निदेशक एचएलएम समूह धीरज कुमार शर्मा ने शिरकत की।

गौरतलब है कि गुरुकुल द स्कूल की पूर्व छात्राएं सुहानी वत्स एवं अर्चिता गर्ग ने सीबीएसई लाइफ स्किल एम्बेसेडर के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में जहाँ एक ओर प्राथमिक कक्षाओं हेतु खेलकूद प्रतियोगिताए हुई तो वही माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक कक्षाओं हेतु साहित्यिक प्रतियोगिताएं, कारवाँ-द जर्नी विद इन आयोजित हुईं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से छात्रों की शारीरिक क्षमता और प्रस्तुति कौशल उभर कर सामने आईं। सभी प्रतियोगिताओं में निर्णय करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों संबंधित विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया तथा हर प्रतिभागी को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आमंत्रित अतिथियों ने प्रतिभागियों की सराहना की और गुरुकुल द स्कूल को इस शानदार आयोजन के लिए बधाई दी।

विद्यालय के प्रधानाचार्य गौरव बेदी ने कहा कि प्रतियोगिताएँ आयोजित करने का उद्देश्य छात्रों को प्रोत्साहित करना और उन्हें उत्कृष्ट अवसर प्रदान करना है।

# जी-20 की थीम पर जेकेजी इंदिरापुरम में लगी प्रदर्शनी






टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल में इस वर्ष भारत में संपन्न हुए जी-20 शिखर सम्मेलन को आधार मानकर दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। शुक्रवार को जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार श्रीवास ने प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर प्रदर्शनी का शुभारंभ किया।

इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन जेके गौड़, डायरेक्टर वरुण गौड़ एवं प्रधानाचार्या निधि गौड़ ने उन्हें स्मृति चिह्न व पुष्प भेंट कर स्वागत किया। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न नृत्यों के माध्यम से भारतीय संस्कृति की झलक प्रस्तुत की। इस प्रदर्शनी में कक्षा 9 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्रों ने विभिन्न मॉडलों, चित्रों व खेलों के द्वारा अपने ज्ञान व प्रतिभा कौशल का परिचय दिया। जी-20 शिखर सम्मेलन के थीम -वसुधैव कुटुंबकम- एक भविष्य- पर आधारित इस प्रदर्शनी में छात्रों ने शिक्षा, तकनीकी, पर्यावरण संतुलन, व्यापार और वाणिज्य, लघु व कुटीर उद्योग, स्वास्थ्य ऊर्जा, कृषि, पौष्टिक आहार, नारी सशक्तिकरण आदि पर भारतीय सोच को विविध माध्यमों से प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व को उजागर करती हुईं कई जानकारियों को भी छात्रों ने विभिन्न मॉडलों के माध्यम से प्रस्तुत किया। साथ ही संभावित खतरों से भी दर्शकों को अवगत कराया।

छात्रों के इस प्रयास की सभी गणमान्य अतिथियों ने सराहना की। प्रदर्शनी देखने आए छात्रों के अभिभावकों व विद्यालय के पूर्व छात्रों ने भी विद्यालय के इस प्रयास की प्रशंसा की। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या निधि गौड़ ने कहा कि विद्यालय छात्रों के चहुंमुखी विकास को लेकर वचनबद्ध है इसलिए भविष्य में भी वह उनकी सोच व कौशल को विकसित करने के लिए मंच प्रदान करता रहेगा। उन्होंने छात्रों के अभिभावकों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया व छात्रों की प्रशंसा कर उनका मनोबल बढ़ाया। प्रदर्शनी में 11 विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्यए निदेशक एवं छात्र-छात्राएं भी मौजूद थे। विद्यालय के डायरेक्टर वरुण गौड़ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्रों व उनके अभिभावकों को धन्यवाद देने के साथ -साथ उनके शिक्षकों की भी सराहना की।

# डेंगू से सरकारी डॉक्टर की मौत

टीबीसी न्यूज

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में शुक्रवार को डेंगू से सरकारी डॉक्टर की मौत हो गई। वह पिछले 26 दिन से बीमार थे। डेन-2 स्ट्रेन की चपेट में आकर उनके मल्टीपल ऑर्गेन फेल हो गए। 32 साल के डॉक्टर आदित्य गाजियाबाद में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सरस्वती विहार में बतौर प्रभारी कार्यरत थे।

बुखार होने पर 16 सितंबर को उन्हें दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे के मणिपाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां जांच में डेंगू की पुष्टि हुई। जांच में डेन-2 स्ट्रेन पाया गया। हालत बिगड़ने पर उन्हें वहां से रेफर कर वैशाली के मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के मुताबिक, डेंगू में प्लेटलेट्स गिरती चली गई। इसके अलावा डेन-2 स्ट्रेन की वजह से उनके मल्टीपल ऑर्गेन भी फेल हो गए। इसी वजह से उनकी मौत हुई।

राजधानी लखनऊ एक बार फिर डेंगू संक्रमण का हॉट स्पॉट बनकर उभरा हैं। यहां सबसे ज्यादा 957 संक्रमित मिल चुके हैं। वही मुरादाबाद में 944, गौतमबुद्ध नगर में 819, कानपुर में 816 और गाजियाबाद में 732 मरीज हैं। हालात इस कदर बिगड़े हैं कि कई संक्रमितों की मौत की भी खबर है। हालांकि सरकारी आंकड़ों में डेंगू से अब तक महज 8 मौत दर्ज हैं। डराने वाली बात ये है कि एक्सपर्ट आने वाले दिनों में डेंगू के मामलों में तेजी से इजाफा होने की बात कह रहे हैं। डॉक्टर की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

Printed and Published by Dheeraj Kumar Bhargava at B.F.L Inrotech Ltd, C-9, Sector-3 Noida, Distt. Gautam Budh Nagar and Published at 282, Sarai Nazar Ali, behind MMG Hospital Ghaziabad (U.P.) 201 001. **Editor:** Dheeraj Kumar, **Resident Editor:** Manisha Bhargava** **Email:** editor@tbam.co.in **RNI. No:** UPBIL/2009/28691, **Postal Registration No.** UP/GBD80/2016-18, **Advertisement :** Ph. No.: 0120-2850800, 2850297, **Fax :** 0120-4561000. **Add:** Plot No- 516, Sector- 12, Friends Co-operative Society, Vasundhra, Ghaziabad (U.P.)** Responsible for selection of News under the PRB Act. Repro- duction in any manner, electronic or otherwise in whole or in post without prior written permission is prohibited.